प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को राज्य में पुर्नविकसित तीन रेलवे स्टेशन समेत देश के एक सौ तीन स्टेशनों का करेंगे ऑनलाइन उदघाटन, रेलवे अधिकारियों ने तैयारियों का लिया जायजा।
- राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने संयुक्त रूप से धनबाद में बिनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा का किया अनावरण, मुख्यमंत्री ने कहा–झारखंड में आंदोलनकारियों के सम्मान के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- एसीबी ने शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे को किया गिरफ्तार, राज्य सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप।
- रांची में अवैध मादक पदार्थ के दुरूपयोग के रोकथाम के लिए चार दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरुआत, गृह सचिव वंदना दादेल ने किया उद्घाटन।
- हॉकी इंडिया और अमिटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन के बीच हुआ एमओयू, खिलाड़ियों को मिलेगा उच्च शिक्षा का अवसर, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे और डिफेंडर ज्योति के नामांकन से हुई योजना की शुरूआत।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 103 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे, जिसमें झारखंड के गोविंदपुर रोड, राजमहल और शंकरपुर स्टेशन शामिल हैं। गोविंदपुर रोड स्टेशन का पुनर्विकास 6 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से किया गया है।
रांची रेल मंडल की सीनियर डीसीएम शुचि सिंह ने आज गोविंदपुर स्टेशन का जायजा लिया और परिसर में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत झारखंड के 57 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जिसमें यात्री सुविधाओं के साथ दिव्यांगजनों और बुजुर्गों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

***************

धनबाद में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संयुक्त रूप से बिनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राम कुमार सिंह, मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू समेत कई सांसद और विधायक उपस्थित थे। मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बिनोद बिहारी महतो को युग पुरुष बताया और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के महत्व पर जोर दिया।

मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बताया कि यह विश्वविद्यालय झारखंड आंदोलन के अगुवा रहे विनोद बिहारी महतो को समर्पित है। उन्होंने कहा–झारखंड में आंदोलनकारियों को उचित सम्मान दिया जाएगा।

***************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे को गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी की टीम सुबह उनके आवास पर पहुंची और घंटों चली पूछताछ के बाद उनकी गिरफ्तारी हुई। एसीबी ने आबकारी विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह से भी पूछताछ की। एसीबी ने विनय कुमार चौबे पर छत्तीसगढ़ शराब सिंडीकेट से मिलकर झारखंड में नई शराब नीति बनाने और राज्य सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है।

***************

रांची के डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में गृह सचिव वंदना दादेल ने अवैध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह चार दिवसीय प्रशिक्षण आज से 23 मई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है, इसके अंतर्गत राज्य के विभिन्न प्रमंडलों के मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित किया जाएगा। पहले दिन दक्षिणी छोटानगपुर प्रमंडल के मास्टर ट्रेनरों को ड्रग्स के सेवन से रोकथाम, उपचार और कानूनी जानकारी दी गई।

***************

आईआईटी आईएसएम धनबाद ने राष्ट्रीय सुरक्षा को सशक्त बनाने के लिए भारतीय सेना के साथ एक समझौता ज्ञापन–एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। इस सहयोग के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में संस्थान सेना को तकनीकी सहयोग देगा, वहीं छात्रों को इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा ने इसे तकनीक और देश की सुरक्षा के लिए मील का पत्थर बताया।

***************

गोड्डा में कांग्रेस पार्टी ने संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया किया गया। इस रैली में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, विधायक प्रदीप यादव समेत कई नेता शामिल हुए। इस दौरान रैली में शामिल नेताओं ने केंद्र सरकार पर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की।

***************

रामगढ़ ज़िले में अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में झारखंड के अलावा बिहार और छत्तीसगढ़ से भी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। संस्था का पहला स्थापना दिवस 15 जून को भव्य रूप से मनाया जाएगा। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष विनोद किस्कु ने इसे समाज की संस्कृति को नई पीढ़ी से जोड़ने का प्रयास बताया।

***************

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पलामू जिले में पीएमजनमन के अंतर्गत 21 सड़को के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***************

संक्षिप्त खबरें

- रांची–टाटा मेन रोड के रईसा मोड़ के पास के जंगल में बाघ के पंजो के निशान मिलने से हड़कंप मच गया है। वन विभाग की टीम ने इलाके में सर्च अभियान तेज कर दिया है और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है।
- देवघर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में अनियमितता पर उपायुक्त विशाल सागर ने बैंक अधिकारियों और पशुपालन विभाग के पदाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है।
- सरायकेला खरसावां में पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत की अध्यक्षता में मासिक क्राइम मीटिंग आयोजित की गई, बैठक में जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर रणनीति बनाई गई।

***************

हॉकी इंडिया और अमिटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन–एमओयू किया गया, जिसके तहत खिलाड़ियों को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस पहल के तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को शत–प्रतिशत तक छात्रवृत्ति और तीन माह का निःशुल्क स्पोर्ट्स साइकोलॉजी सर्टिफिकेट कोर्स दिया जाएगा। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान और झारखंड की खिलाड़ी सलीमा टेटे और डिफेंडर ज्योति ने बीए और एमबीए मार्केटिंग में नामांकन लेकर इस योजना की शुरुआत की।

******समाप्त*******